तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 9 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 बैकुंठपुर में 10868 तो शिवपुर चरचा में 8886 मतदाता चुनेंगे शहर सरकार



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
09 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
19

शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर करने एवं नियमित मॉनिटरिंग करने दिए निर्देश

गंदगी देख भड़के डिप्टी सीएम, स्कूटी चलाकर खुद निकले शहर का निरीक्षण करने



स्कूटी पर शहर का निरीक्षण करने निकले डिप्टी अरूण साव, एसपी, कलेक्टर व पार्षद।



गंदगी पर निगमकर्मियों को फटकार लगाते साव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा दौरे पर पहुंचे प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम अरुण साव शहर के निरीक्षण पर निकले। अल सुबह मंत्री श्री साव ने नगर निगम सरकार और प्रशासनिक अमले के साथ स्कूटी पर सवार होकर शहर का भ्रमण किया। बिना किसी पूर्व सूचना के मंत्री के इस आकस्मिक निरीक्षण से शहर में सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई। मंत्री ने शहर में चारों ओर पसरी गंदगी, तालाबों की स्थिति को देखकर जमकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने अधिकारियों को कड़े लहजे में फटकार लगाने के साथ ही बिना किसी बहाने के तत्काल सफाई कार्य कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने शहर में एसएलआरएम सेंटर और विकास कार्यों का जायजा लिया।

खास बात

- एसएलआरएम सेंटर में दीदियोंसे की चर्चा

बता दें कि प्रदेश के डिप्टी सीएम और लोक निर्माण मंत्री अरुण साव बुधवार की शाम सरगुजा के दौरे पर पहुंचे थे। मंत्री श्री साव ने गुरुवार को सरगुजा और सूरजपुर जिले के कलेक्टर, एसपी व अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक ली। इसके बाद गुरुवार को मंत्री श्री साव शहर के आकस्मिक निरीक्षण पर निकले। मंत्री श्री साव पहले कार से सीधे पीएम आवास का कार्य देखने जाने वाले थे लेकिन अंतिम समय में उन्होंने स्कूटी से शहर भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेने का निर्णय लिया। अल सुबह डिप्टी सीएम श्री साव, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, कलेक्टर अजीत वसंत, एसएसपी राजेश अग्रवाल व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ स्कूटी से शहर के निरीक्षण पर निकले। उन्होंने शहर में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान शहर चौक व सड़कों पर कचरा मिलने पर नाराजगी जाहिर की। इसके साथ ही उन्होंने कलेक्टोरेट के पीछे करसु तालाब में विसर्जन के बाद पड़ी हुई मूर्तियों को लेकर भी सफाई अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने बिना किसी बहाने के तत्काल सार्वजनिक स्थलों एवं आवासीय क्षेत्रों में नियमित सफाई के साथ स्वच्छता व्यवस्था की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर करने एवं नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिपं सीईओ सुश्री रोमा श्रीवास्तव, ननि आयुक्त विनय कुमार अग्रवाल, पूर्व पार्षद संजय अग्रवाल, पार्षद मनीष सिंह, शैलेष सिंह, तजीन्दर बग्गा, अरूणा सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी, अभियंता सहित अन्य उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों से की बातचीत

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सुभाषनगर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के एएचपी घटक के तहत बनी 493 आवासीय इकाइयों का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों से मुलाकात कर आवासों में मिल रही सुविधाओं और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। साथ ही पक्का मकान मिलने के बाद उनके जीवन में आए बदलावों की जानकारी ली।

भड़के डिप्टी सीएम ने कहा: हादसे की प्रतीक्षा कर रहे हो

सरगुजा के बाद बलरामपुर जिले के प्रवास पर जा रहे डिप्टी सीएम अरुण साव का काफिला अंबिकापुर-प्रतापपुर मार्ग पर केरता स्थित महान नदी के पुल पर रुका। पुल पर सरिया नजर आ रही थी और जगह जगह गड्ढे थे जिनसे दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है। सड़क की स्थिति को देखकर डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि इससे दुर्घटना होगी या नहीं जिसपर अधिकारी ने भी कहा कि दुर्घटना होगी। ऐसे में उन्होंने फटकर लगाते हुए कहा कि हादसे का इन्तजार कर रहे हो। मुझे ही आकर देखना पड़ेगा एक एक ब्रिज और सड़क। स्वीकृति में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है इसके बाद भी इतने बड़े ब्रिज की ये दुर्दशा। उन्होंने तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए और अधिकारियों को मैदान में उतरकर काम करने की हिदायत दी। कहा सरगुजा के एसी कमरे वाले अधिकारी चेत जाएं।



निर्देश के बाद सड़क मरम्मत का कार्य शुरू

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़कों की स्थिति की जानकारी ली। मंत्री श्री साव ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में सड़क निर्माण, मरम्मत और अन्य विकास कार्यों की निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अधिकारियों को जल्द काम शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इधर मंत्री की समीक्षा बैठक के बाद सड़कों को गड्ढामुक्त करने की दिशा में लोनिवि द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। महामाया चौक से लरंग साय चौक तक सड़क पर बीटी पैच मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया गया है। लोनिवि संभाग अंबिकापुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों के संधारण एवं मरम्मत कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में वार्षिक संधारण मद से 3 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। स्वीकृत राशि से संभाग अंतर्गत विभिन्न मार्गों के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत कर सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाएगा।

खबर संक्षेप

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक आज

बलरामपुर। जिला पंचायत बलरामपुर-रामानुजगंज की सामान्य सभा की बैठक 9 अक्टूबर दिन शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में होगी। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति, विभागीय योजनाओं की वर्ष 2026-27 के लक्ष्य एवं प्रगति, राशन वितरण कार्य सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ ने बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने कहा है।

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में वार्षिक आमसभा 10 को

अम्बिकापुर। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित नमनाकला की वार्षिक आमसभा की बैठक 10 अक्टूबर शनिवार को दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। समिति कार्यालय के प्रांगण में होने वाली इस बैठक में समिति के सभी कृषक सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। समिति द्वारा जारी सूचना के अनुसार वार्षिक आमसभा में समिति के कार्यों, गतिविधियों तथा कृषक सदस्यों से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी

सरगुजा के महाविद्यालयों में चलेगा मतदाता जागरूकता अभियान

अम्बिकापुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सरगुजा जिले के महाविद्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय सरगुजा द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार जिले के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में तिथिवार जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर नव-प्रवेशित एवं युवा विद्यार्थियों को मतदान के महत्व से अवगत कराया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए 5 से 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले के महाविद्यालयों में विशेष शिविर आयोजित कर पात्र युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। ऑनलाइन माध्यम से आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। प्राप्त फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 को विधानसभा क्षेत्रवार संबंधित स्वीप कार्यालय में जमा कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा 11 को, बनाए गए 13 परीक्षा केंद्र

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल द्वारा सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन 11 अक्टूबर को किया जाएगा। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित होगी। सरगुजा जिले में परीक्षा के लिए अम्बिकापुर में कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं तथा केंद्रों पर पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। गौरतलब है कि परीक्षा के लिए राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज, शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, शासकीय मल्टीपरपज स्कूल, शासकीय कन्या उमावि, शासकीय नपानि उमावि, शासकीय उमावि पुलिस लाइन, शासकीय कन्या उमावि मणिपुर वार्ड, शासकीय उमावि केदारपुर, स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (हिंदी माध्यम) गांधीनगर, शासकीय कन्या शिक्षा परिसर तथा विवेकानंद विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, घड़ी चौक को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

उप मुख्यमंत्रीने जिले को दी 157 करोड़ के 191 विकास कार्यों की सौगात

बलरामपुर/राजपुर। गुरुवार को जिले के प्रवास पर पहुंचे डिप्टी सीएम अरुण साव ने 157 करोड़ 4 लाख रुपये के 191 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। खेल मैदान आरागाही-ताम्बेश्वरनगर में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने की। सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज सहित अनेक जनप्रतिनिधि भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। समारोह में 126 करोड़ 4 लाख रुपये के 171 कार्य जनता को समर्पित किए गए और 30 करोड़ 99 लाख रुपये के 20 नए कार्यों की आधारशिला रखी गई। पेयजल, पुल-सड़क, कृषि, शिक्षा और नगरीय सुविधाओं से जुड़े ये कार्य जिले के दूरस्थ अंचलों की तस्वीर बदलने में अहम भूमिका निभाएंगे। सबसे बड़ी सौगात पेयजल के क्षेत्र में मिली। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की 66 करोड़ 93 लाख रुपये की 35 जल प्रदाय योजनाएं जिले के सभी छह विकासखंडों के गांवों को समर्पित की गईं। इनसे हजारों परिवारों को घर पर ही शुद्ध पेयजल मिलेगा और महिलाओं को दूर से पानी ढोने की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी। आवागमन की दृष्टि से भी यह दिन ऐतिहासिक रहा। 24 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत से बने चार उच्चस्तरीय पुल जनता को सौंपे गए। किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए कृषि विपणन बोर्ड के 33 करोड़ 1 लाख रुपये के 130 कार्य लोकार्पित हुए। बलरामपुर और रामचन्द्रपुर विकासखंड में 100 से अधिक स्थानों पर सीसी सड़कें और पुलिया भी बनाई गई हैं। शिक्षा और नगरीय सुविधाओं के क्षेत्र में अमरावतीपुर में हाईस्कूल भवन और नगर पालिका बलरामपुर में 23 व्यावसायिक दुकानों का लोकार्पण हुआ। राजपुर में 1 करोड़ 21 लाख रुपये के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन और 4 करोड़ 75 लाख रुपये की 4 किलोमीटर सड़क का भूमिपूजन किया गया। बलरामपुर नगर में 4 करोड़ 2 लाख रुपये से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और मुक्तिधाम का निर्माण होगा, जिससे नगर स्वच्छ और व्यवस्थित शहरी विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा।



रामानुजगंज में उपमुख्यमंत्री साव राम विचार नेताम का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम के रामानुजगंज आगमन पर नगर में विभिन्न स्थानों पर उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। अग्रसेन चौक पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान फूल माला पहनाकर एवं आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद चांदनी चौक पर साहू समाज की ओर से स्वागत किया गया। वहीं गांधी चौक पर महिलाओं ने भी फूल माला पहनाकर एवं आतिशबाजी के साथ अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक सैला नृत्य भी आकर्षण का केंद्र रहा।

गांधी चौक से उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम नगर वासियों के बीच पैदल रेस्ट हाउस पहुंचे। इस दौरान सड़क के दोनों ओर मौजूद लोगों ने उनका स्वागत किया। जगह-जगह फूल मालाओं और पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया गया। नगर में हुए स्वागत कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी एवं विभिन्न समाजों के लोग मौजूद रहे।

रामानुजगंज में विभागीय कार्यों की समीक्षा

बलरामपुर/राजपुर। डिप्टी सीएम व लोनिवि मंत्री अरुण साव ने गुरुवार को रामानुजगंज के बटालियन कैम्प में अपने विभागों के कार्यों की समीक्षा की। कृषि मंत्री रामविचार नेताम और सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज की उपस्थिति में हुई इस बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि वे सेवा और समर्पण भाव से कार्य करें और आमजन के हित को सर्वोपरि रखें। डिप्टी सीएम श्री साव ने कहा कि बलरामपुर छत्तीसगढ़ का अंतिम छोर का जिला नहीं, बल्कि प्रमुख और प्रथम स्थान का जिला है। आपसी समन्वय से इसे हर क्षेत्र में अग्रणी बनाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सहयोगी साथियों को साथ लेकर युद्धस्तर पर काम करें और योजनाओं को मूर्त रूप दें। श्री साव ने कहा कि सड़क आमजन से सीधे जुड़ा विषय है, इसे नजरअंदाज करने की भूल न करें। उन्होंने अभियंताओं को गुणवत्ता से समझौता किए बिना प्रगतिरत कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने की बात कही।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नई योजनाओं के प्रस्ताव लोगों की वास्तविक आवश्यकता पर केन्द्रित हों। उन्होंने कार्यपालन अभियंता पीएचई से पंचायतों को हस्तांतरित नल जल योजनाओं की स्थिति जानी। निकायों की समीक्षा में श्री साव ने सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों से बिंदुवार जानकारी ली। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के शेष आवासों की धीमी प्रगति पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने अधिकारियों से स्पष्ट शब्दों में कहा कि सड़क और अधोसंरचना कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के साथ भौतिक सत्यापन भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि सड़कें ऐसी बनें जो सही मायने में टिकाऊ हों। सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने अधिकारियों से जनप्रतिनिधियों के साथ तालमेल बनाकर लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरगुजा अंचल के विकास में बलरामपुर जिला अग्रणी भूमिका निभाएगा। समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बच्चों के अपहरण की आशंका से मचा हड़कंप, आधे घंटे बाद परिवार के सदस्यों के साथ मिलने पर मिली राहत

रामानुजगंज। मंगलवार शाम करीब 4 बजे नगर के वार्ड क्रमांक 15 में बच्चों को संदिग्ध चारपहिया वाहन में बैठाए जाने की सूचना से हड़कंप मच गया। घटना नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर बताई गई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया और कुछ ही समय में एसडीओपी सहित बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। जानकारी के अनुसार स्कूल से घर लौट रहे करीब 8 से 12 वर्ष की उम्र के बच्चों ने बताया कि काले कपड़े पहने और मुंह पर मास्क लगाए कुछ लोगों ने उन्हें चारपहिया वाहन में बैठाया था। बच्चों ने तत्काल इसकी जानकारी अपने अभिभावकों को दी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए सूचना मिलने के करीब तीन मिनट के भीतर एसडीओपी, नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। बच्चों द्वारा बताए गए घटनाक्रम के आधार पर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज में भी बच्चों द्वारा बताए गए घटनाक्रम से मिलता-जुलता दृश्य दिखाई देने से पुलिस और लोगों की चिंता बढ़ गई। हालांकि करीब आधे घंटे बाद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई। जांच में सामने आया कि बच्चों को किसी अज्ञात व्यक्ति ने नहीं, बल्कि उनके ही परिवार के सदस्यों द्वारा वाहन में बैठाकर ले जाया गया था। इसके बाद पुलिस, परिजन और मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। घटना के दौरान बच्चों की सूचना पर पुलिस और स्थानीय लोगों द्वारा जिस तत्परता से कार्रवाई की गई, उससे किसी संभावित अप्रिय घटना को लेकर तत्काल जांच शुरू हो सकी। फिलहाल मामला स्पष्ट होने के बाद स्थिति सामान्य है।



कन्हर बैरियर पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई 13 लाख की लकड़ी और ट्रक जब्त

रामानुजगंज। रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में वन विभाग की टीम ने अंतरराज्यीय कन्हर बैरियर पर वाहन जांच के दौरान साल की लकड़ी से लदे ट्रक को जब्त किया है। ट्रक में 19 साल के लट्ठे लोड थे। परिवहन के लिए प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों की जांच में अंतर पाए जाने के बाद विभाग ने ट्रक को कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्रवाई शुरू की। जब्त लकड़ी और ट्रक की कुल कीमत करीब 13 लाख रुपये आंकी गई है।

वन विभाग के अनुसार वनमंडलाधिकारी आलोक कुमार बाजपेयी के निर्देशन और उपवन मंडलाधिकारी अनिल कुमार सिंह पैकरा के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्राधिकारी डॉ. दिलरुबा बानो के नेतृत्व में टीम ने बीती रात कन्हर बैरियर पर वाहनों की जांच कर रही थी। देर रात 1 बजे टीम ने ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीजी 1682 को जांच के लिए रोका। जांच के दौरान ट्रक में साल की लकड़ी लोड मिली। वाहन चालक बिहार भागलपुर निवासी सलीम अंसारी से लकड़ी के परिवहन से संबंधित परिवहन अनुज्ञा पत्र मांगा गया। वन विभाग की टीम ने प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच करने के साथ ऑनलाइन एनटीपीएस में भी उनका मिलान किया। जांच में दोनों टीपी अलग-अलग पाए गए जिससे वन विभाग की टीम ने लकड़ी से लदे ट्रक को जब्त कर लिया।



मामले में भारतीय वन अधिनियम की धारा 33 (1) ड़ एवं धारा 52, छत्तीसगढ़ वनोपज एवं व्यापार अधिनियम की धारा 5 (1) तथा छत्तीसगढ़ वनोपज अभिवहन नियम की धारा 41 नियम (3) के तहत कार्रवाई की जा रही है। जब्ती और कार्रवाई के दौरान वनपाल दयाशंकर सिंह, वनरक्षक राजनाथ सिंह और वनरक्षक पिन्टू कुमार मालाकार मौके पर मौजूद रहे। वन विभाग द्वारा मामले की आगे की जांच की जा रही है।

इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी डॉ. दिलरुबा बानो ने बताया कि जब्त लकड़ी और ट्रक की कुल कीमत करीब 13 लाख रुपये आंकी गई है। इसमें लकड़ी की कीमत करीब 3 लाख रुपये और ट्रक की कीमत करीब 10 लाख रुपये है। इस तरह वन विभाग ने करीब 13 लाख रुपये मूल्य की लकड़ी और ट्रक जब्त किया है।

इंडिया गठबंधन ने निकाली संयुक्त रैली

वोट चोरी से नष्ट हो रही देश की संवैधानिक व्यवस्था: अमरजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

इंडिया गठबंधन के वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के प्रथम चरण अंतर्गत गठबंधन की संयुक्त रैली गुरुवार को पूर्ण हुई। वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के प्रथम चरण में आज 8 अक्टूबर को लोकतंत्र सरगुजा जिले में गठबंधन के दल कांग्रेस, सीपीएम और सीपीआई ने संयुक्त रैली निकाली। कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन से प्रारंभ हुईऔर विवेकानंद चौक पर आमसभा में तब्दील हुई। इस सभा को संबोधित करते हुए पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि वोट चोरी जैसे कारनामे से देश की संवैधानिक व्यवस्था नष्ट हो रही है। यह अपराध ज्ञानेश कुमार कर रहे हैं जिनको उनके कर्मों की सजा मिलेगी। ज्ञानेश पर लगे आरोप के बचाव में भाजपा का सामने आना इशारा करता है कि दाल में सब काला है। निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल पद से हटा गिरफ्तार करना चाहिए। वोट चोरी के इस आपराधिक काम को संरक्षण देने वाले प्रधानमंत्री और गृहमंत्री देश के सबसे बड़े अपराधी हैं।सीपीएम के कामरेड चंद्र प्रकाश शुक्ला ने कहा कि देश



में सरकार बनाने वाले निष्पक्ष चुनाव प्रणाली को भाजपा के संरक्षण में समाप्त कर दिया गया है। वोट चोरी के माध्यम से देश मे असंवैधानिक सरकार काम कर रही है और वो लगातार वोट चोरी कर राज्यों में असंवैधानिक सरकार बना रही है। सीपीआई के प्रतिनिधि कामरेड अनिल द्विवेदी ने देश की मौजूदा चुनाव प्रणाली को इलेक्टोरल आटोक्रेसी स्थापित करने वाला तंत्र बतलाया। कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री श्री द्वितेंद्र मिश्रा ने कहा कि एसआईआर के नाम पर देश के 13 करोड़ मतदाताओं का नाम काटने वाले मुख्य चुनाव आयुक्त को भाजपा संरक्षण दे रही है। ज्ञानेश की चोरी को संरक्षण देने वाले उनसे बड़े चोर हैं। विवेकानंद चौक पर आमसभा के उपरांत रैली गांधी प्रतिमा पर जाकर समाप्त हुई। गांधी चौक पर रैली ने वयस्क मताधिकार पर संविधान के 326 वे अनुच्छेद का पाठ किया एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा। इस संयुक्त रैली में बड़ी संख्या में तीनों दलों के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

कांग्रेस ने मनाया काला दिवस

6 अक्टूबर को इंडिया गठबंधन के सांसदों के चुनाव आयोग तक मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस के द्वारा की गई बर्बरतापूर्ण कार्यवाही के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने काला दिवास मनाया। रैली में कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारी काला दिवस के बैनर पोस्टर लेकर एवं काला फीता बांधकर शामिल हुए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अंग्रेजों के मुखबीर संघ परिवार के लोग वही आचरण कर रहे हैं जो इनके मालिक अंग्रेज देश की जनता के साथ करते थे। कांग्रेस न डरेगी, न रुकेगी। हमने गोरे अंग्रेजों को भी खदेड़ा है और अब उनके मुखबिरों को भी खदेड़ देंगे।

खबर संक्षेप

दीपिका पुनः बनीं एसडीएम बैकुंठपुर

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर दीपिका नेताम को पुनः बैकुंठपुर एसडीएम का दायित्व सौंपा गया है। गुरुवार को उन्होंने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। विदित हो कि श्रीमती नेताम पूर्व में भी बैकुंठपुर एसडीएम का दायित्व संभाल चुकी हैं।

जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े ने मंगलवार को जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने छग कोषालय संहिता के सहायक नियम 39 के प्रावधानों के तहत प्रातः 10:15 बजे स्ट्रांग रूम पहुंचकर वहां संधारित सामग्रियों एवं अभिलेखों की जांच की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखे अदालती एवं गैर-अदालती मुद्रांकों तथा अन्य बहुमूल्य सामग्रियों का भौतिक सत्यापन किया। साथ ही उपलब्ध सामग्री का जिला कोषालय में संधारित संबंधित पंजियों एवं अभिलेखों से मिलान कराया। उन्होंने अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण और स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया।

12 खेलों में दमखम दिखाएंगे खिलाड़ी

मनेन्द्रगढ़। क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को पहचान, प्रोत्साहन और अपनी क्षमता प्रदर्शन के लिए बड़ा मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरगुजा ओलंपिक 2026-27 के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में ब्लॉक एवं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं की तिथियों और आयोजन स्थलों की घोषणा कर दी गई है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस खेल महाकुंभ में जिले के प्रतिभावान खिलाड़ी जूनियर एवं सीनियर वर्ग में विभिन्न खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सरगुजा ओलंपिक के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान करने के साथ-साथ युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

कब्रिस्तान और मुक्तिधाम में रोशनी की दरकार

मनेन्द्रगढ़। शहर के कब्रिस्तान और मुक्तिधाम में बेहतर प्रकाश



व्यवस्था की मांग को लेकर वार्ड क्रमांक 04 के पार्षद जमील शाह ने पहल की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को पत्र लिखकर मुस्लिम कब्रिस्तान, ईसाई कब्रिस्तान और वार्ड क्रमांक 22 स्थित मुक्तिधाम में हाई मास्ट लाइट लगाने की मांग की है। उन्होंने इन सार्वजनिक स्थलों पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है। पार्षद जमील शाह ने पत्र के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि तीनों स्थानों पर रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अंधेरे के कारण यहां आने जाने वाले नागरिकों को असुविधा होती है। ऐसे में हाई मास्ट लाइट लगने से इन स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था बेहतर होगी और रात्रिकालीन आवागमन भी पहले की तुलना में अधिक सुविधाजनक हो सकेगा।

दिसंबर में प्रस्तावित है चुनाव, राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ़ी, बैठकों का दौर जारी

बैकुंठपुर में 10868 तो शिवपुर चरचा में 8886 मतदाता चुनेंगे शहर सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के नगरीय निकाय नपा परिषद बैकुंठपुर एव शिवपुर चरचा में आगामी दिसंबर माह में नगरीय निकाय चुनाव संभावित है, जिसके लिए प्रमुख राजनीतिक दलों सक्रियता अब तेज हो गई। संभावित पार्षद एवं अध्यक्ष प्रत्याशी भी अपनी सक्रियता बढ़ा दिए हैं, इसके साथ ही दोनों शहरी क्षेत्रों में ठंड की शुरूआत होने के साथ ही राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। वार्डो में संभावित पार्षद प्रत्याशी एवं अध्यक्ष के प्रत्याशी प्रमुख राजनीति पार्टियों बड़े पदाधिकारियों के संपर्क साधकर अपनी दावेदारी भी प्रस्तुत करना शुरू कर दिए हैं।

नगर पालिका बैकुंठपुर एवं नगर पालिका शिवपुर चरचा क्षेत्र में अध्यक्ष की टिकट पाने के लिए भाजपा व कांग्रेस दोनों प्रमुख दलों के प्रमुख पदाधिकारियों के समक्ष अपनी दावेदारी भी प्रस्तुत कर रहे हैं। बीते दिनों दोनों नगरीय निकाय क्षेत्रों के वार्डो का परिसीमन कार्य पूरा होने के बाद वार्डो में सक्रियता संभावित प्रत्याशियों की बढ़ गई है और प्रमुख दलों से टिकट प्राप्त करने के प्रयास में जुट गए हैं। यही हाल संभावित अध्यक्ष प्रत्याशियों की भी है। हालांकि अभी दोनों नगरीय निकायों में यह स्पष्ट नहीं है कि भावी वार्ड पार्षद और अध्यक्ष के लिए किसके नाम पर मुहर लगती है, लेकिन चुनाव लड़ने के लिए वार्डो व शहर में कई लोग अपनी सक्रियता बढ़ा दिए हैं और जनता से संपर्क साधना भी शुरू कर दिए हैं। अभी संभावित प्रत्याशी अपनी दावेदारी प्रमुख राजनीतिक दलों के समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं,लेकिन जब एक नाम प्रत्येक वार्ड से तय हो गया इसके बाद ही वार्डो में सघन जनसंपर्क का दौर भी शुरू हो सकेगा। इसके पूर्व भावि पार्षद प्रत्याशी अपना जनसंपर्क तेज कर दिए हैं। इसके अलावा ऐसे भी लोग हैं जो संभावित पार्षद के लिए निर्दलीय ही मैदान में उतरने को तैयार है जो अभी से ही अपनी पकड़ वार्डो में मजबूत करने में जुट गए हैं। संभावित चुनाव की तिथि अभी घोषित नहीं हुई है, लेकिन संपर्को का दौर शुरू हो गया। वहीं राजनीतिक दलों से जुड़े कई लोग अपनी पार्टी से टिकट के लिए दावेदारी करना शुरू कर दिए हैं, इनमें से किसी एक को पार्टी टिकट प्रदान करेगी। इसके बाद ही प्रमुख राजनीतिक दल के भावी प्रत्याशी का चेहरा साफ नजर आएगा, इसके बाद वार्डो में चुनाव जीतने के लिए घमासान शुरू होगा। अभी दावेदार प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा व कांग्रेस के बड़े नेताओं के संपर्क में है।





शहर में 10 हजार से अधिक मतदाता

नगर पालिका बैकुण्ठपुर में 10 हजार से अधिक मतदाता अपनी शहर की सरकार का चुनाव आगामी दिसंबर माह में करेंगे। बीते दिनों नगर पालिका के वार्डो का आरक्षण प्रक्रिया पूरी कर ली गई। इसके बाद भावि पार्षद प्रत्याशी अपनी जमीनी स्थिति को मजबूत करने में जुट गए हैं। हालांकि प्रमुख राजनीतिक दलों से चुनाव लड़ने वालों का नाम तय होने के बाद ही वे अपनी सक्रियता बढ़ाएंगे, लेकिन निर्दलीय प्रत्याशी अभी से अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए वार्डो में लोगों से संपर्क करना शुरू कर दिए है। उल्लेखनीय है कि नगर पनालिका परिषद बैकुंठपुर के 20 वार्डो के लिए परिसीमन किया गया ,जिसका प्रमुख 29 जुलाई 2024 को राजपत्र में प्रकाशित की गई थी और बीते दिनों सभी 20 वार्डो का आरक्षण तय किया गया। इसके बाद स्थिति स्पष्ट हो गया है। प्रमुख राजनीतिक पार्टियों द्वारा भावि पार्षद प्रत्याशी का नाम तय होने के बाद चुनावी सरगर्मी तेजी से बढ़ेगी।

शिवपुर चरचा में 8886 मतदाता चुनेंगे अपना नेता

कोरिया जिले के नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा में कुल 8886 मतदाता आगामी दिसंबर माह में संभावित नगरीय निकाय चुनाव में अपनी शहर सरकार मतदान कर चुनेंगे। कुल 8886 मतदाता में 4563 पुरूष एवं 4323 महिला मतदाता शामिल है। यहां एक भी तृतीय लिंग मतदाता नहीं है। नगर पालिका शिवपुर चरचा में इस बार अध्यक्ष पद महिला सामान्य है, ऐसे में अध्यक्ष की कुर्सी के लिए मुख्य रूप से मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के उम्मीदवारों के बीच होना तय है। वर्तमान में यहां के अध्यक्ष पद भाजपा के खाते में है, ऐसे में इस बार के चुनाव में भी पार्टी पदाधिकारियों का पूरा जोर अध्यक्ष पद का कब्जा बरकरार रखने में होगा। इसके अलावा वार्डो में भी दोनों ही प्रमुख दल अपनी जीत को लेकर आमने सामने होंगे।

नगर पालिका बैकुंठपुर में भी होगा रोचक मुकाबला

कोरिया जिला मुख्यालय का नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर में भी अध्यक्ष पद को लेकर रोचक मुकाबला होने की पूरी संभावना है। इस बार यहां का अध्यक्ष पद सामान्य के लिए हैं, ऐसे में कई अध्यक्ष के लिए कई संभावित दावेदार चुनावी मुकाबला के लिए मदान में उतरने को तैयार है। अभी प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा व कांग्रेस के बड़े पदाधिकारियों के समक्ष अपनी दावेदारी भी प्रस्तुत करना शुरू कर दिए हैं, लेकिन दोनों की दलों द्वारा अध्यक्ष पद के दावेदारों में जब तक एक नाम तय नहीं हो जाता, तब तक कयास अनुमानों पर ही होगा। इसके अलावा नगर पालिका बैकुंठपुर के 20 वार्डो में भी संभावित पार्षद प्रत्याशी अपनी दावेदारी को लेकर तैयारी कर रहे हैं, इसके अलावा निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी तो अभी से वार्डो में अपनी सक्रियता बढ़ाकर जन संपर्क शुरू कर दिए हैं। इस बार जनता द्वारा सीधे अध्यक्ष पद का चुनाव होना है, इसलिए आगामी नगरीय निकाय चुनाव का मुकाबला को लेकर सरगर्मियां अब धीरे-धीरे बढ़ना शुरू कर देगा।

खड़गवां में उप-पंजीयक कार्यालय को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के खड़गवां और चिरमिरी क्षेत्र के लोगों को जमीन की रजिस्ट्री के लिए अब दूर तक सफर करने से राहत मिलेगी। राज्य शासन ने खड़गवां में नवीन उप-पंजीयक कार्यालय की स्थापना की अधिसूचना जारी कर दी है। इस कार्यालय के कार्यक्षेत्र में खड़गवां तहसील के 44 और चिरमिरी तहसील के 16 सहित कुल 60 गांव शामिल किए गए हैं। अधिसूचना के अनुसार कार्यालय की स्थापना 1 दिसंबर 2026 से प्रभावी होगी।



■ स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी ने सीएम और वित्तमंत्री का जताया आभार

स्वास्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने चिरमिरी, खड़गवां और समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, खड़गवां में उप-पंजीयक कार्यालय की स्थापना से क्षेत्रवासियों को बड़ी सहूलियत मिलेगी। जमीन की रजिस्ट्री के लिए उन्हें अब ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ेगा और अपने क्षेत्र में ही पंजीयन की सुविधा मिल सकेगी। इससे लोगों के समय और आने-जाने के खर्च की बचत होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार प्रशासनिक सुविधाओं को जनता के नजदीक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नया कार्यालय शुरू होने से इन गांवों के लोगों को जमीन और अन्य अचल संपत्तियों की रजिस्ट्री के लिए मनेन्द्रगढ़ स्थित उप-पंजीयक कार्यालय तक नहीं जाना पड़ेगा। किसानों, ग्रामीणों और संपत्ति की खरीद-बिक्री करने वाले नागरिकों को नजदीक ही रजिस्ट्री की सुविधा उपलब्ध होगी। नवीन कार्यालय के कार्यक्षेत्र में खड़गवां, देवाडांड, रतनपुर, छोटे कलुआ, धनपुर, पेंडरी सहित खड़गवां तहसील के गांव तथा चिरमिरी, उधनापुर, आमाडांड, भुकभुकी और अन्य संबंधित गांव शामिल हैं।

इन गांवों को मनेन्द्रगढ़ उप-पंजीयक कार्यालय के कार्यक्षेत्र से अलग कर नवीन खड़गवां पंजीयन उप-जिले में शामिल किया गया है। क्षेत्रवासियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए स्थानीय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का धन्यवाद व्यक्त किया है। लोगों ने कहा कि क्षेत्र में उप-पंजीयक कार्यालय की सुविधा मिलने से जमीन की रजिस्ट्री कराना आसान होगा और दूर स्थित कार्यालय तक आने-जाने की परेशानी कम होगी।

नया कार्यालय शुरू होने से इन गांवों के लोगों को जमीन और अन्य अचल संपत्तियों की रजिस्ट्री के लिए मनेन्द्रगढ़ स्थित उप-पंजीयक कार्यालय तक नहीं जाना पड़ेगा। किसानों, ग्रामीणों और संपत्ति की खरीद-बिक्री करने वाले नागरिकों को नजदीक ही रजिस्ट्री की सुविधा उपलब्ध होगी।

भारत भ्रमण पर निकले वाशु पहुंचे बैकुंठपुर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पर्यावरण सरंक्षण एवं सामाजिक सद्भाव हेतु मानवीय मूल्यों के प्रचार प्रसार के लिए तिरंगा झण्डा लेकर जनपद आगरा उत्तर प्रदेश के ग्राम दुर्गानगर राजपुर चुंगी निवासी वाशु राईडर पिता दिनेश कुमार सायकल से भारत भ्रमण पर निकले है उनके कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर पहुंचने पर सेन समाज कोरिया के जिला अध्यक्ष रामाशंकर ठाकुर, वरिष्ठ सदस्य बिजेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर जिला मीडिया प्रभारी अजय ठाकुर ने स्थानीय रेस्ट हाउस में स्वागत कर आवश्यक चर्चा की।

■ सेन समाज ने किया स्वागत

प्राप्त जानकारी के अनुसार वाशु राईडर बीते 2 जून 2025 से पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सद्भाव को लेकर सायकल से भारत भ्रमण पर निकले है जो अब तक आठ राज्यों का भ्रमण कर कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर बीते 7 अक्टूबर को पहुंचे दूसरे दिन सेन समाज के पदाधिकारियों ने मुलाकात की और इसके बाद एमसीबी जिले के लिए वाशु राईडर निकल गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाशु राईडर अपना संदेश लेकर देश के सभी प्रदेशों का भ्रमण पर निकले है उनकी यात्रा 2028 में समाप्त होने की संभावना बताई। वाशु राईडर ने बताया कि वे अपने भ्रमण के दौरान विभिन्न जगहों पर स्कूल कॉलेज व अन्य विभिन्न जगहों पर जनसभा आयोजित कर लोगों को पर्यावरण को लेकर जन जागरूकता का संदेश दिया जाता है जिसका अच्छा समर्थन लोगों को मिल रहा है।

आठवीं के छात्र ने घर में लगाई फांसी

बैकण्ठपुर। सिटी कोतवाली अंतर्गत छिंदडांड स्थित कॉलोनी में बीते दिवस एक नाबालिक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर अपनी कार्रवाई पूरी की और शव को पीएम के लिए भेज दिया और मामले को जांच में लेकर जांच शुरू कर दी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली क्षेत्र के छिंदडांड में एक 13 वर्षीय नाबालिक बालक जो कि चरचा कॉलरी में कक्षा 8 वीं का छात्र था वह अज्ञात कारणों ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में शव का पीएम करा परिजनों को सौंप दिया गया, वही इस मामले की जांच सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है इसके बाद ही आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक नाबालिक के साथ एक महिला द्वारा मारपीट किए जाने की भी बात कही जा रही है। वहीं पूरे मामले की जांच कर रहे सिटी कोतवाली के प्रधान आरक्षक निर्मल मिंज ने बताया कि इस तरह की शिकायत परिजन द्वारा नहीं बताई गई है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

बैकुंठपुर के कुमार चौक में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारतीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रक्रिया में निष्पक्षता की मांग को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर गुरुवार को जिला कांग्रेस काला दिवस मनाते हुए प्रदर्शन किया गया। राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय से कार्यकर्ताओं ने काले झंडे और काली पट्टी बांधकर पैदल मार्च निकाला।

बैकुंठपुर के कुमार चौक पहुंचकर कांग्रेसजनों ने चक्का जाम किया और केंद्र सरकार व निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारेबाजी की। दिल्ली में नेताओं पर कार्रवाई का विरोध नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष माननीय मल्लिकार्जुन खड़गे , नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी सहित इंडिया ब्लॉक के नेताओं के साथ शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान हुए बलपूर्वक व्यवहार और लाठीचार्ज के विरोध में यह काला दिवस आयोजित किया गया। लोकतंत्र की नींव निष्पक्ष चुनाव प्रणाली पर टिकी है। केंद्र की भाजपा सरकार और निर्वाचन आयोग वोट चोरी तथा मतदाता सूची की गड़बड़ियों के सवालों से भाग रहे हैं। दिल्ली में हमारे शीर्ष नेताओं के साथ किया गया तानाशाही व्यवहार लोकतंत्र पर सीधा हमला है। जब तक मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाया नहीं जाता और चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता बहाल नहीं होती, कांग्रेस पार्टी यह लड़ाई निरंतर जारी रखेगी। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ मुख्तार अहमद हेमसागर यादव सुरेंद्र तिवारी, प्रवीर भट्टाचार्य, बीएल राजवाड़े, आशीष यादव लल्ला सुरेश सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अजय सिंह, गणेश राजवाड़े भूपेंद्र यादव बिकास श्रीवास्तव, धीरज सिंह, संगीता राजवाड़े, रियाजउद्दीन, आशीष डबरे, सौरभ गुप्ता, रामकृष साहू, अनिल जयसवाल, चंद्र प्रकाश राजवाड़े, सुनील गुप्ता, राजीव गुप्ता, धीरज शिवहरे, आकाश खटीक, यूसुफ इराकी, राजू भगत, देव नारायण, जाग्रत कुर्रे, जितेंद्र वर्मा, रकीब बेगम, राजेश कुर्रे, राकेश जायसवाल, स्वतंत्र महोबिया, एजाज गुड्डू, पंजक मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



काली पट्टी बांधकर कांग्रेस ने जताया विरोध



बिजुरी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली में आयोजित धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा कथित तौर पर की गई बर्बरता के विरोध में गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिजुरी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिजुरी के अध्यक्ष जय कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने बिजुरी बाजार क्षेत्र में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। इसके बाद कार्यकर्ता हनुमान मंदिर चौक पहुंचे, जहां प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर केंद्र सरकार एवं दिल्ली पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने के लिए किए जा रहे धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वह लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। कार्यकर्ताओ ने घटना के प्रति आक्रोश जताते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का प्रयास बताया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष हरीश मोटवानी, जिला महासचिव विनय शुक्ला, जिला सचिव अमित चतुर्वेदी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता महबूब आलम, अरुणेंद्र सिंह, जावेद अख्तर, मो. अनवार, पार्षद विमला पटेल, नगर अध्यक्ष मन्नान शाह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा मंडलम अध्यक्ष थानगांव शिवम दुबेदी, मंडलम अध्यक्ष कपिलधारा गणेश मिश्रा, मंडलम अध्यक्ष कटकोना देवशरण साहू, मंडलम अध्यक्ष बिजुरी आकिब जावेद, किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल शुक्ला, ब्लॉक पदाधिकारी राघवेंद्र चक्रवर्ती, लेखराम भैना, मंथन शर्मा, लल्लू प्रसाद चंद्रा, इस्तियाक अहमद, सरस्वती पाव, राजभान सिंह, लखन चौधरी, संदीप तिवारी, सुनीता केवट, पटेल कोल, रियाज भाई, रवि चौधरी, विक्कू ठाकुर, शिव कुमार साहू, अमित चौधरी एवं अंकित चौधरी समेत ब्लॉक, नगर एवं मंडलम कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

क्यूआर कोड स्कैन करते ही खुली रोजगार की राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत जनपद पंचायत भरतपुर में आयोजित जिला स्तरीय सेवा सेतु शिविर में शासन की योजनाओं को ग्रामीणों तक सहज और तकनीक आधारित तरीके से पहुंचाने की पहल देखने को मिली। शिविर में वीबीग्रामजी विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के तहत कराए जा सकने वाले 375 कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए क्यूआर कोड लगाया गया। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने अपने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर इन कार्यों की जानकारी ली। क्यूआर कोड के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत उपलब्ध कार्यों और उससे जुड़ी जानकारी एक ही स्थान पर प्राप्त हुई। इससे शिविर में पहुंचे ग्रामीणों को जानकारी हासिल करने के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने के बजाय मोबाइल के माध्यम से सहज तरीके से जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला।

// न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील रघुनाथपुर, जिला सरगुजा, छ.ग. //

ईश्तहार

एतद्वारा सर्वसाधारण ग्राम असकला, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) को सूचित किया जाता है कि आवेदक नितेश कुमार पिता मुखराम, जाति बरगाह, निवासी ग्राम अगासी, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) जिला सरगुजा के द्वारा छ.ग. भू-राजसव संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदन में लेख किया गया है कि आवेदक के बड़े पिता जेठू पिता खुखुर के नाम पर ग्राम असकला, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) में कुल खसरा क्रमांक 04 कुल रकबा 0.727 हेक्टेयर भूमि अंकित है। जेठू की दिनांक 01.08.2006 को निःसंतान मृत्यु हो गई है। स्व. जेठू आवेदक के साथ ही निवासरत थे तथा उनकी देखभाल व अंतिम क्रियाकर्म आवेदक के द्वारा किया गया है। आवेदक के द्वारा उत्तराधिकारी के रुप में उक्त भूमि पर आवेदक के नाम पर फौती नामान्तरण किए जाने का निवेदन किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। प्रस्तुत आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन की तिथि के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं किया जा सकेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की पदमुद्रा से दिनांक 30.09.2026 को जारी।

नायब तहसीलदार
उप तहसील रघुनाथपुर
जिला- सरगुजा

TOP IN SURGUJA

हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON)

INSTITUTE OF PHARMACY RESEARCH CENTRE
ADMISSION OPEN LIMITED SEAT
ACADEMIC SESSION 2026-27
फार्मेसी काउंसलिंग के प्रथम चरण हेतु तिथियां
COURSES
D.Pharmacy 2 years (science & math +PPHT)
B.Pharmacy 4 years (science & math +PPHT)
D.Pharmacy 3 years (Lateral Entry D.Pharmacy)
फार्मेसी में अपना भविष्य उज्जवल बनाएं अभी कॉल करें
पंजीयन (Registration) 01 सितंबर से 05 सितंबर तक
मेरिट लिस्ट जारी 06 सितंबर 2026
दावा आपत्ति 07 सितंबर 2026
आबंटन/रिजल्ट 08 सितंबर 2026
प्रवेश 09 सितंबर 2026 से 11 सितंबर 2026 तक
Add: Krishnapur Kalua Bharuhamunda Road Dist- Surajpur (C.G.)
9165265258, 8889110739, 9244175446

PUSHPENDRA COLLEGE OF PHARMACY AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN LIMITED SEAT
ACADEMIC SESSION 2026-27
फार्मेसी काउंसलिंग के प्रथम चरण हेतु तिथियां
COURSES
D.Pharmacy 2 years (science & math +PPHT)
B.Pharmacy 4 years (science & math +PPHT)
D.Pharmacy 3 years (Lateral Entry D.Pharmacy)
फार्मेसी में अपना भविष्य उज्जवल बनाएं अभी कॉल करें
पंजीयन (Registration) 01 सितंबर से 05 सितंबर तक
मेरिट लिस्ट जारी 06 सितंबर 2026
दावा आपत्ति 07 सितंबर 2026
आबंटन/रिजल्ट 08 सितंबर 2026
प्रवेश 09 सितंबर 2026 से 11 सितंबर 2026 तक
Add: Lalmati Lundra, Ambikapur Dist- Surajpur (C.G.)
9407634704, 7509172393

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, MD. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 11 अक्टूबर, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

प्राकृतिक उपचार • आयुर्वेदिक समाधान • बेहतर जीवन
आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा इलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे हैं अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भूत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए
परामर्श शुल्क 500₹
मिलने का समय:- दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक
विशेष लाभ
रूहानी जड़ी-बूटी से इलाज
प्राकृतिक एवं सुरक्षित उपचार
बिना ऑपरेशन, बिना साइड इफेक्ट
गुप्त और विश्वसनीय सेवा
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386
आपका विश्वास हमारी पहचान

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

खबर संक्षेप



शिव भजन सिंह मराबी ने हाथियों के आतंक के खिलाफ खोला मोर्चा, सौंपा ज्ञापन

पोड़ीमोड़। प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में हाथियों के आतंक से किसानों के फसलें बर्बाद होने को लेकर क्षेत्र के कांग्रेस नेता शिव भजन सिंह मराबी ने ग्रामीणों के साथ मिलकर वन विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन वन परिक्षेत्र अधिकारी घुई को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि उत्पाती हाथियों को तत्काल तमोर पिंगला हाथी पुनर्वास केंद्र रमकोला में रखा जाए, हाथियों द्वारा फसल नुकसान का मुआवजा बढ़ाकर 60 हजार रुपए प्रति एकड़ किया जाए, हाथी हमले से जनहानि होने पर पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा एवं एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, मुआवजा राशि 15 दिवस के भीतर हितग्राही के खाते में जमा की जाए तथा पूर्व में लंबित सभी फसल क्षति मुआवजा राशि का तत्काल भुगतान किया जाए। इस दौरान श्री मराबी ने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर मांगें पूरी नहीं की गईं तो समस्त क्षेत्रवासी 11 नंबर बनारस रोड पर चक्का जाम एवं अनिश्चितकालीन हड़ताल करने को बाध्य होंगे। इस दौरान दिनेश गुप्ता, संजय यादव, अनिल गुप्ता, खड़क बहादुर सिंह, नंदकेश्वर यादव, सचिन कुमार, मोती यादव, शिव शंकर यादव, फुलसाय, कैलाश, बालमुकुंद सिंह, राम सुंदर यादव, हेम कल्याण सिंह, हेमराज सिंह, सूरेश अयाम, शिवकुमार यादव राम लखन बैगा, रूद्र प्रसाद यादव, बृज बिहारी जायसवाल जय सिंह बंधूराम सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

भैयाथान में कांग्रेसियों ने किया लोकतंत्र बचाओ प्रदर्शन



भैयाथान।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज भारतीय लोकतंत्र के लिए काला दिवस के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भैयाथान द्वारा विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भैयाथान के अध्यक्ष विद्यात्री सिंह देव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन व्यवस्था में पारदर्शिता एवं जवाबदेही की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। सांसदों पर हुई कार्रवाई के विरोध में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों की आवाज का सम्मान होना चाहिए तथा निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों का स्पष्ट एवं निष्पक्ष जवाब दिया जाना चाहिए। इस दौरान अखिलेश प्रताप सिंह, सातनु सिंह, पार्थ सिंह, राहुल सिंह, शनि सिंह, अजय यादव, दिलीप जायसवाल, विद्यात्री सिंह देव, राधा देवागन, मंजू यादव, निर्मला ठाकुर, इंद्रावती रजवाड़े, प्रभाकर सिंह, अतुल पाटिल, ओमप्रकाश कुशवाहा, अभिषेक कुशवाहा, अनुराग ठाकुर, प्रांजल टाडे, विकास यादव, आदित्य सोनी, आयुष सिंह, हिमेश, अभय जायसवाल एवं आर्यन सारथी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेस ने मनाया लोकतंत्र के लिए काला दिवस, सौंपा ज्ञापन

राजपुर। एआईसीसी के आह्वान पर 8 अक्टूबर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजपुर द्वारा लोकतंत्र के लिए काला दिवस' मनाया गया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार प्रतीक जायसवाल के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में निर्वाचन आयोग की जवाबदेही सुनिश्चित करने, चुनावी व्यवस्था की निष्पक्षता बनाए रखने तथा विपक्षी सांसदों के साथ कथित दुर्व्यवहार की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित इंडिया गठबंधन के सांसद निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान उन्हें रोके जाने और बलपूर्वक व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया गया।कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि विपक्ष के नेताओं और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अपनी बात रखने का लोकतांत्रिक अधिकार है। इस दौरान जिला महामंत्री दोमनिक एक्का, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष लालसाय मिंज, मनोज अग्रवाल, सुनील भगत, विद्यानंद दुबे, राहुल गुप्ता, कौशल चौबे, तेजप्रताप सिंह, विकास यादव, मुन्ना गुप्ता, बाबा भारती, प्रयाग यादव, तुलेश्वर यादव, रामनाथ रवि, पार्षद विश्वास गुप्ता सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अवैध शराब कारोबार में आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

बलरामपुर। आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वृत्त वाड्रफनगर क्षेत्र में दो अलग-अलग प्रकरण कायम किए हैं। पहले प्रकरण में तुगवा निवासी 35 वर्षीय समय लाल आ. दुखी के कब्जे से 13 नग पाव गोवा शराब जब्त की गई। इसकी बाजार कीमत करीब 1560 रुपये बताई गई है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1)(क), 36 के तहत प्रकरण कायम किया गया। दूसरे प्रकरण में तुगवा निवासी 52 वर्षीया लीलावती पति जवाहिर के कब्जे से 24 लीटर महुआ शराब तथा 90 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। जब्त सामग्री की बाजार कीमत करीब 24 सौ रूपए आंकी गई है। मामले में धारा 34(1)(क), 34(1)(च), 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। कार्रवाई आबकारी उनि अभिषेक राजवाड़े के विवेचन में की गई। टीम में आबकारी उपनिरीक्षक चन्द्रदीप भगत, धर्मजीत राम शर्मा, आबकारी मुख्य आरक्षक खागेश्वर साय, आबकारी आरक्षक सचिन यादव, महिला नगर सैनिक हेमंती तिर्की एवं कलिस्ता एक्का तथा वाहन चालक दिनेश यादव शामिल रहे।

जंगल में जीआई तार से करंट प्रवाहित कर करते हैं शिकार

बलरामपुर सहित आसपास के गांव के जंगलों में किया जा रहा वन्य जीवों का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिला मुख्यालय एवं उसके आसपास के क्षेत्र में वन विभाग के लापरवाही के कारण आए दिन वन्यजीव का शिकार किया जा रहा है बावजूद इसके अवैध शिकार पर रोकथाम के लिए विभाग की तरफ से कोई उचित पहल नहीं की जा रही जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है।

खास बात
- वन विभाग के कार्य प्रणाली पर उठ रहे सवाल

बलरामपुर क्षेत्र के डूमरखी, दलधोआ, सेमरसोत, कंडा, सिंदूर, सोनहरा सहित आसपास के जंगलों में इन दिनों तेजी से वन्यजीव का शिकार किया जा रहा है लेकिन इन शिकारियों को पकड़ने के लिए वन विभाग के सिपाही रेजर से लेकर के आल्हा अफसर तक मौन हैं।संबंधित बीट क्षेत्र के सिपाही अफसर वन्य जीव की सुरक्षा के लिए वन क्षेत्र में भ्रमण के बजाय कार्यालय में बैठे-बैठे से कुर्सी तोड़ रहे हैं।मुख्यालय क्षेत्र के जंगलों में पूर्व में कई जंगली जानवरों के शिकार करने का मामला प्रकाश में आ चुका है और हाथी, हिरण, जंगली सूअर, बारासिंघा सहित कई वन्य जीव का शिकार करने के मामले में कई बार आरोपी गिरफ्तार भी जा चुके हैं। ऐसे मामले तभी उजागर होते हैं जब किसी द्वारा वन विभाग को सूचना दिया जाता है लेकिन वन विभाग द्वारा स्वयं के टीम द्वारा शिकारी को पकड़ने में आज तक विभाग में नाकाम रही है। लगभग 1 वर्ष पूर्व जिला मुख्यालय से मात्र 2 किलोमीटर दूर डुमरखी जंगल में जंगली जानवरों के शिकार करने के लिए 35 केवी तार से जीआई तार के माध्यम से करंट प्रभावित किया गया था ताकि जंगली जानवर इसमें फस सके लेकिन उस करंट में जंगली जानवर के बजाय देर रात एक युवक और युवती तंरगित तार में फंस गया जिससे दोनों की मौत हो गई। लोगों का कहना है कि इस घटना को भूल गए लेकिन समय रहते विभाग के कर्मचारी जंगलों की छान मारते तो शायद उन दोनों युवक युवती की जान बन सकती थी। लगभग 15 दिवस पहले ठीक उसी जगह शिकारी द्वारा जीआई तार के माध्यम से 33 केवी गुजरे लाइन से करंट प्रवाहित करके वन्य जीव के शिकार करने के लिए तार का जाल फैलाया गया था। गनीमत था कि बारिश होने से विद्युत लाइन में कहीं फाल्ट हो जाने की वजह से जिले में लंबी अवधि से लाइट प्रभावित हो गया। विद्युत विभाग की टीम ने बार-बार लाइट एवं काटने की जांच की तो कर्मचारियों ने पाया कि लाइट में जंगली क्षेत्र से कहीं फाल्ट है। विद्युत विभाग के कर्मचारी जंगली की ओर चले तो मुख्यालय से लगभग के जंगल किनारे पहुंचे तो वहां 33 केवी लाइन से वन्यजीव का शिकार करने के लिए तार के माध्यम से करंट प्रवाहित किया गया था और तार का लंबा जाल फैलाया गया था विभाग द्वारा देरी किए बगैर तुरंत तार को अपने कब्जे में लिया और विद्युत लाइन की फाल्ट को सुधार किया। समय रहते विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा तार के जाल को हटा दिया नहीं तो फिर से बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि आज भी जंगल में वन्य जीवों का शिकार धड़ल्ले से किया जा रहा है।



जंगल से जब्त जीआई तार।

दूसरे विभाग करती है कार्रवाई

जंगल की सुरक्षा वन विभाग की है। विभाग पर पेड़ों की अवैध कटाई से लेकर वन्य जीवों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। विभाग जंगल में अवैध कटाई तथा जंगल में वन्य जीवों अवैध शिकार पर अंकुश लगाने निगरानी रखना जरूरी है। हैरानी की बात तो यह है कि जो काम वन विभाग की टीम को करना चाहिए वह काम दूसरे विभाग द्वारा की जाती है। लोगों का कहना है कि कुछ दिन पूर्व ही जंगल में बिछाए गए तरंगित तार को वन विभाग के बजाए दूसरे विभाग की टीम ने पहुंच कर कार्रवाई की जबकि वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं थी। इतना ही नहीं वन विभाग में इतनी लापरवाही है कि वन्य जीव का तो छोड़िए पक्षियों के शिकार करने वाले लोगों को पकड़ने में असफल रही है। इतना ही नहीं विभाग को कोई सूचना देता भी है तो जल्दी कार्रवाई के लिए यह जंगल कि ओर जाते भी नहीं है और फोन तक उठाना मुनासिब नही समझते।

विभाग पर गिर चुकी है गाज

हाथियों एवं वन्य जीवों का शिकार करने के मामले में जिले में वन मंडल अधिकारी तक के ऊपर गाज गिर चुकी है लेकिन इसके लिए मंडल अधिकारी से ज्यादा बीट के सिपाही बीट के दरोगा और रेंजर जिम्मेदार रहते हैं। लेकिन उनके ऊपर गाज नहीं गिरती है। कुछ वर्ष पहले तत्कालीन अनुमंडल अधिकारी प्रणय मिश्रा के ऊपर इस तरह की कार्रवाई की जा चुकी है इसके बाद भी जिले की आला अधिकारी शिकारियो के शिकार करने पर रोक लगाने में नाकाम है।

विभाग की टीम क्षेत्र में करती है दौरा

वन विभाग के टीम हमेशा क्षेत्र का दौरा करती है। शिकारी पकड़ में नहीं आए तो अलग बात है। ऐसे शिकारी के ऊपर समय-समय पर धर पकड़ और विभाग के तरफ से कार्रवाई भी होती है। करंट लगाकर पशुओं का शिकार करने के मामले में जब्ती का करवाई विद्युत विभाग से ही होती है। ऐसे मामलों में दोनों विभाग के सहभागिता से ही काम होता है।

-निखिल सक्सेना
वन परिक्षेत्र अधिकारी बलरामपुर



महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पोड़ीमोड़

शासकीय कालिदास महाविद्यालय प्रतापपुर में विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। अभाविप ने महाविद्यालय को चार प्रमुख समस्याओं के तत्काल निराकरण की मांग।

अभाविप ने महाविद्यालय में लगातार बढ़ रही फीस का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यहां अधिकांश विद्यार्थी जनजातीय क्षेत्र से आते हैं। ऐसे में लगातार फीस वृद्धि विद्यार्थीयों के लिए आर्थिक परेशानी का कारण बन रही है। फीस वृद्धि पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही महाविद्यालय के वाशरूम की खराब व्यवस्था को लेकर भी नाराजगी जताई। वाशरूम के दरवाजे टूटे हुए हैं और नियमित साफ-सफाई नहीं होने के कारण गंदगी बनी रहती है। अभाविप ने तत्काल मरम्मत एवं नियमित सफाई की व्यवस्था की मांग की साथ ही फीस काउंटर पर विद्यार्थियों से कथित अभद्र व्यवहार का मामला भी ज्ञापन में उठाया गया। वहीं नामांकन की हार्ड कॉपी जमा करते समय विद्यार्थीयों से 200 रुपये जनभागीदारी शुल्क लिए जाने पर भी सवाल उठाया गया। अभाविप का कहना है कि यह शुल्क प्रवेश के समय पहले ही लिया जा चुका है, इसलिए दोबारा लिया गया शुल्क वापस किया जाए।

अभाविप ने पांच दिनों में मांगें पूरी नहीं होने पर महाविद्यालय घेराव तथा आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान नगर मंत्री बरत लाल आयम, नरेन्द्र सिंह, राज यादव, अनु पैकरा, प्रमोद सिंह, राकेश कुमार, पवन पैकरा, देवेश कुमार, उमेश कुमार, मुरारी लाल, श्याम यादव, सत्या, अनुराधा, कांति, मुनिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

शासकीय अस्पताल में लगा रक्तदान शिविर, 21 यूनिट रक्त संग्रह

बिश्रामपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित रक्तदान शिविर में 21 लोगों ने रक्तदान किया,शिविर में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमित भगत सहित स्वास्थ्य अमले ने सक्रिय रहकर शिविर को सफल बनाया,शिविर में दसवीं बटालियन के जवानों,सहित बिश्रामपुर शासकीय महाविद्यालय के छात्र एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भी रक्तदान कर शिविर में सहभागिता दी,रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों की टीम सक्रिय रही।



शिवनंदनपुर नपं में आय-व्यय का ब्यौरा नहीं मिलने से उपाध्यक्ष नाराज, धरने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में आय-व्यय को लेकर प्रतिनिधियों के बीच खींचातानी बढ़ गई है,नगर पंचायत के उपाध्यक्ष अंशुल गोयल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र सौंपकर नगर पंचायत के गठन से लेकर 31 अगस्त 2026 तक की वित्तीय गतिविधियों का विस्तृत ब्योरा मांगा है जिसे अब तक प्रदान नहीं किया जा सका है,उन्होंने शासन से प्राप्त राशि, करों से हुई आय और विभिन्न मदों में किए गए व्यय सहित वित्तीय लेन-देन से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है।

- उपाध्यक्ष ने नपं गठन से 31 अगस्त तक की 8 बिंदुओं पर वित्तीय गतिविधियों का मांगा है विस्तृत ब्योरा
- भाजपा व कांग्रेस प्रतिनिधियों में बढ़ी खिंचातानी

उपाध्यक्ष द्वारा सीएमओ को दिए गए पत्र में 8 बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है। इसमें राज्य एवं केंद्र शासन से विभिन्न मदों में प्राप्त स्वीकृति एवं राशि का पूरा विवरण, नगर पंचायत क्षेत्र के नागरिकों से विभिन्न करों के माध्यम से प्राप्त आय तथा किन-किन मदों में राशि खर्च की गई, इसका ब्यौरा शामिल है। इसके साथ ही किसी भी राशि को खर्च करने से पूर्व स्वीकृति के लिए अपनाई गई प्रक्रिया, नगर पंचायत द्वारा अब तक खरीदी गई सामग्री की संपूर्ण सूची, सामग्री की स्वीकृत दर, संबंधित एजेंसी का नाम, भुगतान की गई राशि तथा भुगतान की तिथि की जानकारी भी मांगी गई है। पत्र में नगर पंचायत क्षेत्र में अब तक कराए गए निर्माण एवं विकास कार्यों पर हुए व्यय का मदवार विवरण उपलब्ध कराने के साथ ही दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराए गए विज्ञापनों पर खर्च की गई राशि की जानकारी भी मांगी गई है। उपाध्यक्ष अंशुल गोयल ने पुनः स्मरण पत्र के माध्यम से सभी बिंदुओं की जानकारी अविलंब उपलब्ध कराने की मांग की है।जानकारी उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में नपँ परिसर में धरने पर बैठने की चेतावनी मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दी गई है, गौरतलब है कि नगर पंचायत के गठन के बाद पहली बार वित्तीय गतिविधियों और विभिन्न मदों में हुए खर्च का इस तरह विस्तृत हिसाब मांगे जाने से नगर पंचायत की सियासत गरमाने लगी है। हालांकि उपाध्यक्ष की ओर से जानकारी मांगने को वित्तीय पारदर्शिता और जवाबदेही से जोड़कर देखा जा रहा है, वहीं नगर पंचायत के भीतर इसे आपसी खींचतान के संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है।

आपसी तालमेल में आई कमी

गौरतलब है कि शिवनंदनपुर नगर पंचायत में अध्यक्ष पद पर भाजपा का कब्जा है, जबकि उपाध्यक्ष पद कांग्रेस के पास है। 15 वार्डों वाली नगर पंचायत में आठ पार्षद कांग्रेस और सात पार्षद भाजपा के निर्वाचित हुए हैं। ऐसे में उपाध्यक्ष द्वारा वित्तीय गतिविधियों का विस्तृत ब्योरा मांगे जाने के बाद नगर पंचायत की राजनीतिक खींचतान खुलकर सामने आने की चर्चा शुरू हो गई है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम और शतरंज प्रतियोगिता ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भगवान अग्रसेन की 5150वीं जयंती से पहले शहर के अग्रवाल समाज में उत्सव का माहौल है। अग्रवाल सभा की ओर से आयोजित सामाजिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों की श्रृंखला में समाज के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इसी कड़ी में पुरुषों और बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर, दो वर्गों में हुई।

- मंच पर संस्कृति की छटा, शतरंज की बिसात पर दिमागी चालें

मंच पर प्रतिभागियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। प्रस्तुतियों में मनोरंजन के साथ समाज की एकता और आपसी मेल-जोल का संदेश भी दिखाई दिया। महोत्सव के दौरान शतरंज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागियों ने सोच-समझकर चाल चली और अपनी रणनीतिक क्षमता का प्रदर्शन किया। इसके अलावा ओम श्री अग्रदेवाय नमः लेखन प्रतियोगिता और कुर्सी दौड़ का आयोजन हुआ। महिलाओं और बालिकाओं के लिए भी मनोरंजक प्रतियोगिताएं रखी गईं, जिनमें उन्होंने उत्साह से भाग लिया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल ने आयोजन का संचालन किया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि जयंती महोत्सव की प्रतियोगिताएं समाज के सभी आयु वर्गों को एक मंच पर लाने का अवसर हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है, वहीं समाज के सदस्यों के बीच आपसी जुड़ाव भी मजबूत होता है। अग्रसेन जयंती से पहले आयोजित हो रही प्रतियोगिताओं में लगातार मिल रही भागीदारी से समाज में उत्सव का उल्लास बना हुआ है। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा मंच और शतरंज की बिसात पर चलती चालें आयोजन के खास आकर्षण रहे। आयोजनों को सफल बनाने में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल और शुभम अग्रवाल, सचिव संजय अग्रवाल, घनश्याम गर्ग, पवन अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, मनोज जैन, विनोद अग्रवाल, कैलाश गोयल, जनम अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, विजय बंसल, सचिन अग्रवाल, सुशील गोयल, चिराग गर्ग, अश्वनी लाल गर्ग, आयुष अग्रवाल और आशीष अग्रवाल सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे। महिला सभा की अध्यक्ष मधु अग्रवाल, उपाध्यक्ष मधु गर्ग, सचिव ममता गर्ग, अंजू पोद्दार, मंजू अग्रवाल, प्रेमलता गोयल, नीलिमा अग्रवाल, सरिता सुल्तानिया और कविता अग्रवाल सहित अन्य महिलाओं ने आयोजन में भूमिका निभाई।



शासकीय कन्या परिसर में जीवन ज्योति द्वारा सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अम्बिकापुर। जीवन ज्योति हॉस्पिटल द्वारा आज शासकीय कन्या परिसर में महिलाओं में बढ़ती सर्वाइकल कैंसर की समस्या से बचाव एवं इसके लक्षणों के संबंध में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं परिसर के स्टाफ को सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक करना तथा समय पर जांच, बचाव और उचित उपचार के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम से लगभग 300 छात्राएं एवं



50 शिक्षक/शिक्षिकाएं लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के दौरान सर्वाइकल कैंसर के प्रमुख लक्षणों, कारणों एवं बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर की समय पर पहचान होने पर इसका प्रभावी उपचार संभव है। इसके लिए नियमित स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श तथा आवश्यक स्क्रीनिंग जांच कराना महत्वपूर्ण है। साथ ही व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, सुरक्षित स्वास्थ्य व्यवहार अपनाने और चिकित्सक की सलाह के अनुसार एचपीवी टीकाकरण कराने के लिए भी प्रेरित किया गया।

बलरामपुर में निकली भव्य सेवा ज्योति यात्रा, नागरिक हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जिला मुख्यालय में भव्य सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई। यात्रा हाई स्कूल मैदान से प्रारंभ होकर भाजपा जिला कार्यालय तक पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। यात्रा के पश्चात भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाइव संबोधन किया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा, एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल सहित भाजपा के जिला एवं मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन ने कार्यक्रम को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बनाया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को सुना तथा सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही। इस दौरान जिला प्रभारी ओमप्रकाश सिन्हा, उपाध्यक्ष अजीत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा मुनि निकुंज,महामंत्री भानूप्रकाश दीक्षित, सेवा ज्योति यात्रा प्रभारी अजय गुप्ता, अजय यादव, मंगलम पांडेय, सुषमा मिंज, महेंद्र गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



सेवा संकल्प अभियान के तहत निकली सेवा ज्योति यात्रा, शासन की योजनाओं का दिया संदेश

लखनपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को नगर पंचायत में सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू ने हरी झंडी दिखाकर किया। यात्रा के माध्यम से लोगों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। सेवा ज्योति यात्रा वार्ड क्रमांक 1 झिनपुरी पारा स्थित प्राथमिक शाला से प्रारंभ होकर बाजार पारा होते हुए वार्ड क्रमांक 2 झिनपुरी पारा में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधियों, स्वच्छता दीदियों एवं नगर पंचायत के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान विभिन्न योजनाओं से संबंधित संदेशों का प्रचार-प्रसार किया गया तथा नागरिकों को शासन की विकासोन्मुखी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू, उर्मिला खलखो, दिनेश साहू, अमित बारी, प्रदीप गुप्ता, छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विद्यासागर चौधरी, एपीएम बालकृष्ण तिवारी, समस्त स्वच्छता दीदियां, सफाई कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



सेवा संकल्प अभियान के तहत कुसमी मंडी परिसर में हुआ रंगोली का भव्य कार्यक्रम

कुसमी। सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय विभाग एवं भाजपा संगठन द्वारा विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कुसमी मंडी परिसर में आज महाविद्यालय द्वारा रंगोली कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत स्व. महली भगत शासकीय स्नातक महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाचन को सभी उपस्थित मंचासिन अतिथियों के साथ साथ महाविद्यालय के छात्र छात्राए एवं अन्य विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ प्राध्यापक सहित शिक्षकों ने सुना। भारत को आत्म निर्भर एवं विकसित भारत 2047 तक बनाने का संकल्प लिया गया। रंगोली कार्यक्रम में विकसित भारत का मनमोहक चित्र बनाकर नमो भारत के साथ चित्र कला का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल द्वारा रंगोली कार्यक्रम की सराहना की। इस दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, जन्मजय सिंह, संजय जायसवाल , राकेश भारती, प्रदीप गुप्ता, बालेश्वर नायक, राजेश्वर गुप्ता, शोभनाथ भगत, अंजू सिन्हा,अनिल सिन्हा,मो. शमीम, पारस पाल, मंडी सचिव केके ठाकुर, ममता पैकरा, प्रभा, प्राचार्य पीपी सिंह, अशोक सिंह पैकरा महाविद्यालय एवं अन्य विद्यालय के प्राध्यापक शिक्षक सहित काफी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



सूरजपुर में निकली भव्य सेवा ज्योति यात्रा, जनसेवा का लिया संकल्प

सूरजपुर। नगर में सेवा ज्योति यात्रा का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित की भावना से आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं तथा नगर के नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक व गुजरात प्रदेश सह प्रभारी गोमती साय, भाजपा जिला प्रभारी शिवनाथ यादव, विधायक भूलन सिंह मरावी, शकुंतला पोर्ते, भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल, अजय गोयल, रामकृपाल साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष चन्द्रमणि पैकरा, शशिकांत गर्ग, अशोक सिंह मुकेश गर्ग, संदीप अग्रवाल, दीपक गुप्ता, रितेश गुप्ता सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री के उद्बोधन के पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने सेवा संकल्प की शपथ ली। सभी ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा की भावना पहुंचाने, जरूरतमंदों की सहायता करने तथा राष्ट्रहित और समाजहित में निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया।

खबर संक्षेप



ओपीएस में वार्षिक खेलकूद का आयोजन

अम्बिकापुर। ओपीएस स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल भावना के साथ भाग लिया। विद्यालय के खेल शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित इन्टर हाउस प्रतियोगिता में अंडर-19 सीनियर एवं अंडर-17 जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने अपनी तैराकी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं बालक एवं बालिका वर्ग के अंडर-10, अंडर-12 एवं अंडर-14 आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं कौशल आधारित फ्री-स्टाइल तैराकी, वाटर वॉकिंग रेस, वाटर रनिंग, अंडरवॉटर वॉक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का अभिन्न हिस्सा है।

आवासीय विद्यालय में अन्नदान एवं लगाया गया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



शंकरगढ़। ग्राम पंचायत शंकरगढ़ अंतर्गत भीख राम भगत आवासीय विद्यालय, बछवार, शंकरगढ़ में सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा एवं जनकल्याण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैंकरा द्वारा विद्यालय के बच्चों के लिए 12 क्विंटल 65 किलोग्राम चावल का अन्नदान किया गया। साथ ही बच्चों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 50 मच्छर दानियों का वितरण भी किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा दल द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं सुझाव गए। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं सुरक्षित वातावरण को प्राथमिकता देते हुए सेवा एवं सहयोग की भावना को प्रोत्साहित किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सेवा संकल्प अभियान के तहत किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर जनपद पंचायत शंकरगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश पाण्डेय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

बाइक से गांजा तस्करी कर रहा युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे



लखनपुर। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस द्वारा की जा जारी कार्रवाई के दौरान पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब पुलिस टीम ने न सिर्फ गांजा तस्करी कर रहे युवक को पकड़ा बल्कि उसके पास से 68 हजार कीमत के 5 किलो 880 ग्राम गांजा जब्त किया। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में गश्त करने के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गोरता-गणेशपुर मार्ग पर एक संदिग्ध युवक बाइक पर बैग लेकर घूम रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी संपत पोटाई टीम के साथ देर रात 1 बजे गोरता-गणेशपुर के मध्य बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजेड़ सवार ग्राम गोरता निवासी मिथिलेश राजवाड़े आ. शिवलाल राजवाड़े को पकड़ा। पुलिस टीम ने युवक से पूछताछ करने के बाद उसके पास मौजूद काले रंग के बैग की तलाशी ली। तलाशी के दौरान बैग से 6 पैकेटों में कुल 5 किलो 880 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस ने गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त बाइक को जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी संपत पोटाई ने बताया कि क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

सबुतों व तथ्यों के आधार पर कोर्ट ने सुनाई सजा, पुलिस की विवेचना रही अहम

पुलिस की कार्रवाई और सबूतों के आधार पर आरोपी पहुंचे अपने अंजाम तक



घटना के बाद इस तरह उमड़ा था लोगों का आक्रोश।



घटना स्थल पर पुलिस व लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सूरजपुर

प्रधान आरक्षक की पत्नी और बच्ची की जघन्य हत्या के आरोपियों को कोर्ट ने उनके अंजाम तक पहुंचाने का काम किया है। कोर्ट ने तीन आरोपियों को फांसी जबकि चौथे को मरते दम तक उम्रकैद की सजा दी। इस पूरे प्रकरण में घटना के बाद से ही लोगों का आक्रोश चरम पर था। घटना के बाद आगजनी, चक्का जाम, प्रदर्शन और कैंडल मार्च हुए। लोग मृतिका और बच्ची को न्याय दिलाने आरोपियों के एनकाउंटर की मांग कर रहे थे हालांकि यह सम्भव नहीं हो सका।

खास बात

- सूरजपुर में दिन भर बना रहा गहमा-गहमी का माहौल

आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जिसके बाद उनको फांसी की सजा दिए जाने की मांग शुरू से चल रही थी। अब फैसला आने के बाद सभी वर्गों में हर्ष का माहौल है। बड़ी बात यह है कि आरोपियों को उनके अंजाम तक पहुंचाने में तत्कालीन एसएसपी प्रशांत ठाकुर और विवेचना अधिकारियों ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस ने कोर्ट के समक्ष ऐसे साक्ष्य पेश किए जिसे झुठलाना आरोपियों के लिए मुमकिन नहीं था। वहीं वर्तमान एसपी योगेश पटेल के नेतृत्व में भी पुलिस ने सभी प्रक्रियाएं पूर्ण की जिसकी बदौलत आरोपियों को सजा मिली है। इस मामले में विवेचना अधिकारी तत्कालीन थाना प्रभारी सूरजपुर निरीक्षक विमलेश दुबे ने सभी सबूतों के साथ आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2), 138, 140(1), 103(1), 238, 331(8), 61(2), 70, 66, 249, 3(5), आर्म्स एक्ट की धारा 25, पास्को एक्ट की धारा 6, 10, छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 के तहत मामले का अभियोग पत्र माननीय न्यायालय सूरजपुर में पेश किया। प्रकरण का संचालन विशेष लोक अभियोजक सुरेश कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

इन धाराओं के तहत सजा

आरोपी कुलदीप साहू को बीएनएस की धारा 103(1), 3(5) के आरोप में मृत्युदण्ड, 25 हजार रुपए अर्थदण्ड, धारा 70(1) बीएनएस में मृत्यु पर्यन्त कारावास व 20 हजार रूपए अर्थदण्ड, धारा 331(8) के आरोप में आजीवन कारावास, 20 हजार रूपए अर्थदण्ड, धारा 238(ए) बीएनएस के आरोप में 3 वर्ष का कठोर कारावास, 5 हजार रूपए अर्थदण्ड, धारा 61(2) बीएनएस के आरोप में आजीवन कारावास, 20 हजार रूपए अर्थदण्ड एवं छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 के आरोप में 3 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5 हजार रूपए का अर्थदण्ड से दंडित किया है। आरोपी फुल सिंह उर्फ रिंकू एवं आरोपी चन्द्रकांत चौधरी धारा 103(1), 3(5) बीएनएस के आरोप में मृत्युदण्ड, 25 हजार रूपए अर्थदण्ड, धारा 70(1) बीएनएस में मृत्यु पर्यन्त कारावास व 20 हजार रूपए अर्थदण्ड, धारा 331(8) बीएनएस के आरोप में आजीवन कारावास, 20 हजार रूपए अर्थदण्ड, धारा 238(ए) बीएनएस के आरोप में 3 वर्ष का कठोर कारावास, 5 हजार रूपए अर्थदण्ड, धारा 61(2) बीएनएस के आरोप में आजीवन कारावास, 20 हजार रूपए अर्थदण्ड से दंडित किया है। वहीं आरोपी आर्यन विश्वकर्मा को धारा 103(1), 3(5) बीएनएस के आरोप में आजीवन कारावास, 20 हजार रूपए अर्थदण्ड, धारा 331(8) व 49 बीएनएस के आरोप में आजीवन कारावास, 20 हजार रूपए अर्थदण्ड, धारा 238(ए) बीएनएस के आरोप में 3 वर्ष का कठोर कारावास, 5 हजार रूपए अर्थदण्ड, धारा 61(2) बीएनएस के आरोप में आजीवन कारावास, 20 हजार रूपए अर्थदण्ड से दंडित किया है।

हमने अपना कर्तव्य निभाया, न्यायालय के निर्णय से संतुष्टि : प्रशांत ठाकुर

दोहरे हत्याकांड की जांच विवेचना का नेतृत्व करने वाले तत्कालीन एसएसपी सूरजपुर प्रशांत सिंह ठाकुर ने कहा कि जब सरकार ने बतौर पुलिस अधीक्षक मुझे सूरजपुर भेजा, तब दोहरे हत्याकांड से सूरजपुर उबल रहा था। कानून-व्यवस्था की चुनौतीपूर्ण स्थिति बनी हुई थी। पुलिसकर्मी दुखी थे। ऐसे विपरीत समय में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही जनभावनाओं का सम्मान करना और आरोपितों के विरुद्ध मजबूत से मजबूत साक्ष्य जुटाना हमारी सबसे बड़ी जवाबदारी थी। पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाना भी जरूरी था। ऐसे कठिन दौर में मैंने अपने अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों के साथ मिलकर जनविश्वास जीतने का काम किया। लोगों की बातें सुनीं, उनकी भावनाओं को समझने का प्रयास किया। धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हुई। इसके साथ ही पुलिस लगातार अपना काम करती रही। चाहे डिजिटल साक्ष्य हों या फॉरेंसिक साक्ष्य, सभी एकत्रित किए गए। पुलिस परिवार के साथ घटना हुई थी सभी घटना से दुखी और मर्माहत थे। मैं स्वयं इतना व्यथित था कि बता पाना संभव नहीं है। पुलिस का एकमात्र लक्ष्य था कि घटना में संलिप्त कोई भी दोषी किसी भी तरह से बचने न पाए। पुलिस की जांच-विवेचना में ऐसी कोई कमी नहीं रखी गई, जिसका फायदा आरोपितों को मिल सके। यही कारण रहा कि अदालत में हमने जो साक्ष्य प्रस्तुत किए, वे सभी प्रमाणित हुए और इस क्रूरतम दोहरे हत्याकांड में संलिप्त तीन दोषियों को फांसी और एक को आजीवन कारावास की सजा मिली। पुलिस अपना काम करती है, निर्णय अदालत सुनाती है। आज मुझे संतोष है कि जनभावनाओं के अनुरूप हमने जो प्रयास किया, वह सार्थक हुआ। दोषियों को सजा मिली। यह ऐसी घटना थी, जिसमें दोषियों को सजा दिलाना पुलिस का नैतिक दायित्व भी था, अन्यथा जनमानस में गलत संदेश जाता।

सजा सुनने ही उड़ी हवाहवां...



प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी की जघन्य हत्या के मामले में गुरुवार को फैसला आया। कोर्ट ने कुलदीप साहू, चंद्रकांत चौधरी उर्फ सीके और फूल सिंह उर्फ रिंकू सिंह को फांसी की सजा सुनाई है जबकि आरोपी आर्यन विश्वकर्मा को मरते दम तक उम्रकैद की सजा दी है। आरोपियों की सुनवाई ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। इस बीच 28 सितम्बर को सूरजपुर कोर्ट से एक ऐसी तस्वीर सामने आई थी जिसने लोगों का आक्रोश फिर से बढ़ा दिया था। सुनवाई के बाद दोषी साबित होने के बाद कोर्ट से निकलते हुए मुख्य आरोपी कुलदीप साहू ने स्माइली फेस बनाते हुए अपनी फोटो खींचने को कहा था। आरोपी की इस हरकत से लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही थी। यही वजह है कि गुरुवार को सजा सुनाने की कार्रवाई वीसी के माध्यम से की गई। इस दौरान जेल सूत्रों के अनुसार केन्द्रीय जेल में मुख्य आरोपी कुलदीप साहू के चेहरे से मुस्कान गायब हो गई थी और वह काफी डरा हुआ था। इसके साथ ही यह जानकारी भी सामने आई कि सूरजपुर जेल से रिफर होने के बाद पिछले डेढ़ साल में आरोपी के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया था। वहीं अब फांसी की सजा का फैसला आने के बाद अओपी को रायपुर शिफ्ट करने की कार्यवाही की जाएगी। जेल प्रबंधन के अनुसार फांसी घर प्रदेश में सिर्फ रायपुर में है इसलिए आरोपी को न्यायालय से अनुमति लेकर रायपुर केन्द्रीय जेल भेजा जाएगा। इधर सजा सुनने के बाद आरोपी जेल के अन्दर कोई घटना कारित ना करे इसे देखते हुए जेल में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

भेजा जाएगा रायपुर

सुरक्षा कारणों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आरोपियों को सजा सुनाई गई है। वर्तमान में फांसी घर रायपुर केन्द्रीय जेल में है इसलिए अब न्यायालय से अनुमति लेकर आरोपियों को रायपुर सेंट्रल जेल भेजने की प्रक्रिया की जाएगी। सजा सुनने के बाद आरोपी कोई घटना ना करे इसके लिए जेल में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

-अक्षय सिंह राजपूत
अधीक्षक केन्द्रीय जेल

दोषियों को मिली है सजा

दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी समेत तीन को फांसी और एक को आजीवन कारावास की सजा मिली है। हमारा प्रयास रहा कि आरोपियों को ऐसी सजा मिले जो सभी के लिए मिशाल बने। कोर्ट के इस निर्णय से सभी संतुष्ट है। अब इसके आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

योगेश पटेल, एसपी सूरजपुर

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक एवं भ्रामक सामग्री के विरुद्ध नागरिक सुरक्षा मंच ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



नगर में सोशल मीडिया के माध्यम से कथित रूप से आपत्तिजनक, अश्लील, मानहानिकारक एवं भ्रामक सामग्री के प्रसार तथा उससे सामाजिक सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित होने के आरोपों को लेकर नागरिक सुरक्षा मंच ने सरगुजा संभाग के पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

- 48 घंटे के भीतर शिकायतों पर अपराध दर्ज कर कार्रवाई की मांग, कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

मंच ने ज्ञापन में अकील अहमद अंसारी, जितेन्द्र जायसवाल, आकांक्षा टोप्पो सहित अन्य संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विभिन्न थानों में पूर्व से की गई शिकायतों पर 48 घंटे के भीतर अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है। मंच ने सोशल मीडिया पर प्रकाशित विवादित पोस्ट, वीडियो, फोटो, कमेंट, शेयर एवं अन्य डिजिटल साक्ष्यों की तत्काल जांच कर उन्हें सुरक्षित रखने, संबंधित सोशल मीडिया अकाउंट एवं पेज के संचालकों की पहचान कर कानून के अनुसार कार्रवाई करने तथा साइबर अपराध के पहलू की भी जांच करने की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच टीम गठित करने, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच कराने तथा कथित रूप से पूरे नेटवर्क को संचालित करने वाले अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच करने की मांग की गई है। साथ ही मंच ने कथित रूप से संरक्षण देने वाले व्यक्तियों एवं अधिकारियों की भूमिका की जांच की मांग भी रखी है। नागरिक सुरक्षा मंच ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से समाज को जाति, वर्ग एवं समुदाय के आधार पर बांटने वाले किसी भी प्रयास को स्वीकार नहीं किया जाएगा। मंच ने जिला प्रशासन के नेतृत्व में सर्वदलीय एवं प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक आयोजित कर सामाजिक समरसता एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश लागू करने की मांग की है। मंच ने कहा कि यदि 48 घंटे के भीतर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री के संबंध में कार्रवाई नहीं होती तथा संबंधित शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती, तो नागरिक सुरक्षा मंच पुलिस प्रशासन के विरुद्ध क्रमिक आंदोलन प्रारंभ करने के लिए बाध्य होगा। मंच का उद्देश्य किसी व्यक्ति या समुदाय को निशाना बनाना नहीं, बल्कि शहर में शांति, सामाजिक समरसता, कानून-व्यवस्था एवं नागरिकों के विश्वास की रक्षा करना है।

आयुष स्वास्थ्य शिविर में 439 मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



ओड़गी। कलेक्टर रेना जमील के निर्देश और जिला आयुष अधिकारी डॉ. अबुल फैज के मार्गदर्शन में ओड़गी क्षेत्र में आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को एक ही स्थान पर जांच, उपचार और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श उपलब्ध कराना था। शिविर का शुभारंभ जनपद पंचायत सदस्य गौरी साहू, उपसरपंच संतोष सिंह दवनासरा और बीडीसी अनिता पैंकरा ने भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना कर किया। उन्होंने शिविर में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए ग्रामीणों से इसका लाभ लेने की बात कही। शिविर में चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कुल 439 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क उपचार किया। वहीं 187 मरीजों का एक्स-रे सहित आवश्यक जांच एवं उपचार किया गया। मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी जरूरी परामर्श भी दिया गया। शिविर प्रभारी डॉ. आरके पटेल के मार्गदर्शन में डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. आरसी शुक्ला, डॉ. उपेंद्र सिंह और डॉ. आरके शुक्ला ने मरीजों की जांच की।

बिजनेस प्लस

ग्लोबल फर्नीचर एण्ड फर्निशिंग शोरूम में मिलेगी विस्तृत रेंज



अंबिकापुर। सोफा रिपेयरिंग और फर्निशिंग के क्षेत्र में वर्षों से ग्राहकों का विश्वास अर्जित करने के बाद ग्लोबल फर्नीचर एंड फर्निशिंग ने आधुनिक फर्नीचर के क्षेत्र में कदम बढ़ाया है। प्रतिष्ठान में घर और कार्यालय के लिए विभिन्न प्रकार के फर्नीचर एवं होम डेकोर उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बरेजपारा तालाब रोड रसूलपुर के शोरूम में फैंसी सोफा सेट, लग्जरी बेड, डाइनिंग टेबल, ड्रेसिंग टेबल और ऑफिस चेयर सहित होम डेकोर की आधुनिक रेंज उपलब्ध है। प्रतिष्ठान संचालकों के अनुसार, ग्राहकों की पसंद और आवश्यकता के अनुरूप फर्नीचर में कस्टमाइजेशन की सुविधा भी दी जाएगी। ग्लोबल फर्नीचर एंड फर्निशिंग में बेहतरीन सामग्री, आधुनिक डिजाइन और मजबूती पर विशेष ध्यान दिया गया है। पुराने सोफों को नया रूप देने के क्षेत्र में वर्षों के अनुभव के बाद प्रतिष्ठान ने फर्नीचर की विस्तृत रेंज के साथ ग्राहकों को बेहतर विकल्प उपलब्ध कराने की पहल की है। शोरूम के उद्घाटन के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष छूट और आकर्षक उपहार की घोषणा की गई है। प्रतिष्ठान की ओर से लोगों से शोरूम पहुंचकर आधुनिक फर्नीचर की रेंज देखने और उद्घाटन ऑफर्स का लाभ उठाने का सुनहरा अवसर है।

भारतीय किसान संघ ने निकाली ट्रैक्टर रैली

बलरामपुर। किसानों की विभिन्न समस्याओं और 11 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसानों ने गुरुवार को ट्रैक्टर रैली निकाली। रैली हिंदू चौक से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची। यहां किसानों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की।भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष राम नरेश कुशवाहा ने कहा कि गाय और किसान छत्तीसगढ़ की सामाजिक एवं सांस्कृतिक पहचान के साथ ही देश की आत्मनिर्भरता और समृद्धि की आधारशिला हैं।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

प्रतापपुर में विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक प्रारंभ

प्रतापपुर। विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ 8 अक्टूबर को शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल प्रांगण में हुआ। तीन दिवसीय प्रतियोगिता 8 से 10 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो सहित विभिन्न खेलों में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष सुखमनिया के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष मानती सिंह, मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल, जनपद सीईओ अनिल तिवारी तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुन्नू सिंह धुर्वे उपस्थित रहे। कार्यक्रम सहायक नोडल अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न कराया जा रहा है। प्रतियोगिता के पहले दिन फुटबॉल मुकाबलों के साथ खेल प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। सीनियर वर्ग में जगन्नाथपुर और केवरा के बीच मुकाबला खेला गया। वहीं जूनियर वर्ग में जजावल और दूरती तथा केवरा और मानपुर के बीच मुकाबले हुए। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ खेल भावना का परिचय दिया। बैडमिंटन सीनियर पुरुष एकल वर्ग में अनुज सिन्हा प्रथम रहे, जबकि डबल वर्ग में नीरज सिन्हा और गौरव सिन्हा विजयी रहे। जूनियर बालक एकल वर्ग में आदित्य कुमार घोष प्रथम और विवेक द्वितीय स्थान पर रहे। डबल वर्ग में आदित्य कुमार घोष और नैतिक सिंह विजेता रहे। सीनियर महिला एकल वर्ग में प्रतिमा पैंकरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि करुणा तिवारी द्वितीय स्थान पर रहीं। पीटीआई, रेफरी एवं निर्णायक समिति की भूमिका विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे पीटीआई एवं रेफरी इशहाक तिर्की, वैजयंती माला खाखा, अंजना पैट्रिक, शीला जायसवाल, संजय साहू, रवि करण अकेला, चंद्र साय लकड़ा, अर्जुन तिवारी, धर्मपाल रजक, संजय उइके, राहुल भगत, सातेन सिंह, नरेश तिर्की, महावीर राम, अजय कुमार एवं चंद्रिका प्रसाद ने निभाई।



विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारंभ

लखनपुर। विकासखंड लखनपुर अंतर्गत ग्राम पुहपुटरा में सरगुजा ओलंपिक के तहत विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सभापति विजय अग्रवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष श्रीमती शशिकला सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेंद्र जायसवाल, मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, यतेन्द्र पाण्डेय, घरभरन राजवाड़े, विक्रम सिंह, सुदर्शन दास, मोहरलाल, नीतू सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद सीईओ खुशबू शास्त्री, बीईओ डीके गुप्ता, एबीओ सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, सरपंच गोविन्द सहित भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल को अनुशासन, स्वास्थ्य और एकता का प्रतीक बताया।





